2. **परिभाषायें** –इन नियमों में, जहां तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, निम्नलिखित अभिव्यक्तियों का अर्थ निम्नानुसार होगा –

(1) 'छत्तीसगढ़' से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य, जो केन्द्र शासन की अधिसूचना के कारण दिनांक 01–11–2000 को अस्तित्व में आया ।

(2) 'अभातशिप' से अभिप्रेत है, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली।

(3) 'अभ्यर्थी' से अभिप्रेत है, उस व्यक्ति से जो इन नियमों के अंतर्गत प्रवेश हेतु इच्छुक है एवं जिसने इस हेतु इन नियमों के अंतर्गत आवेदन किया है।

(4) 'अल्पसंख्यक संस्था' से अभिप्रेत है, ऐसी संस्था जो छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था अधिसूचित की गई हो।

(5) 'निजी संस्था' से अभिप्रेत है, कोई तकनीकी शिक्षण संस्था, जो किसी राज्य या केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित न हो और किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता या सहायता अनुदान प्राप्त नहीं कर रही हो।

(6) 'पीईटी' से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, अटल नगर, रायपुर द्वारा बी.टेक. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु मेरिट के निर्धारण के लिये ली जाने वाली राज्य स्तरीय सामान्य प्रवेश परीक्षा, प्री इंजीनियरिंग टेस्ट।

(7) 'जेईई (मेन)' से अभिप्रेत है, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, नई दिल्ली द्वारा बी.टेक. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु मेरिट के निर्धारण के लिये ली जाने वाली अखिल भारतीय स्तरीय सामान्य प्रवेश परीक्षा, ज्वाइंट इंट्रेन्स एक्जामिनेशन।

(8) 'काउंसिलिंग समिति' से अभिप्रेत है, विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग कार्य एवं प्रवेश संबंधित निर्णय करने हेतु राज्य शासन द्वारा गठित समिति।

3. **प्रवेश हेतु आरक्षण** – बी.टेक. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ आरक्षण के प्रावधान, इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिये जाने के समय विधि के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में लागू आरक्षण संबंधी प्रावधानों के अनुसार होंगे।

4. **प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता–**

(1) बी.टेक. के प्रमुख विषय क्षेत्रों में प्रवेश हेतु (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा की परीक्षा, अभातशिप द्वारा निर्धारित तीन मुख्य विषयों को मिलाकर अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये कम से कम 45 प्रतिशत एवं छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा निःशक्तता से बाधित अभ्यर्थियों के लिये 40 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण। तीनों मुख्य विषयों में संबंधित बोर्ड के नियमानुसार (सैध्दांतिक एवं प्रायोगिक प्रश्न पत्रों में) पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना भी अनिवार्य है।

अथवा

बी.टेक. के प्रमुख विषय क्षेत्रों में प्रवेष हेतु अभ्यर्थी को डिप्लोमा वोकेशनल मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से अभातशिप द्वारा निर्धारित उसी या संबद्ध विषय क्षेत्र में उत्तीर्ण।

(2) बी.टेक. (लेटरल एण्ट्री द्वितीय वर्ष) में प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी की किसी भी शाखा में त्रिवर्षीय डिप्लोमा/द्विवर्षीय डिप्लोमा (लेटरल एण्ट्री) परीक्षा, अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ एवं छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं निःशक्तता से बाधित अभ्यर्थियों के लिये 40 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण।

अथवा

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी.एस.सी. परीक्षा, अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ एवं छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं निःशक्तता से बाधित अभ्यर्थियों के लिये 40 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण। इसके अतिरिक्त 12 वीं कक्षा में गणित विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

5. **प्रवेश हेतु सीटों में मैनेजमेंट एवं अल्पसंख्यक कोटा –**

(1) निजी संस्थाओं में मैनेजमेन्ट कोटा के तहत 15 प्रतिशत सीटें रहेंगी।

(2) छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अल्पसंख्यक घोषित की गई निजी संस्थाओं में अल्पसंख्यक वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत सीटें रहेंगी।

6. **प्रावीण्यता सूचियाँ–**

(1) इन नियमों के अंतर्गत प्रवेश हेतु निम्नलिखित प्रावीण्यता सूचियां बनाई जायेंगी –

(क) पीईटी प्रावीण्यता सूची – यह प्रावीण्यता सूची पीईटी में प्राप्तांकों के प्रतिशत के घटते कम में बनाई जायेगी।

(ख) जेईई (मेन) प्रावीण्यता सूची– यह प्रावीण्यता सूची जेईई (मेन) में प्राप्तांकों के प्रतिशत के घटते कम में बनाई जायेगी।

(ग) डिप्लोमा प्रावीण्यता सूची – यह प्रावीण्यता सूची डिप्लोमा इंजीनियरिंग परीक्षा के अंतिम वर्ष के कुल प्राप्तांकों के प्रतिशत के घटते कम में बनाई जायेगी।

(घ) बी.एस.सी. प्रावीण्यता सूची – यह प्रावीण्यता सूची बी.एस.सी. परीक्षा के अंतिम वर्ष के कुल प्राप्तांको के प्रतिशत के घटते क्रम में बनाई जायेगी।

(2) समान प्राप्तांक प्रतिषत प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में अधिक उम्र वाले अभ्यर्थियों को प्रावीण्यता सूची म ऊपर रखा जायेगा।

7. **काउंसिलिंग–** सीटों के आबंटन हेतु काउंसिलिंग ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। काउंसलिंग कार्य हेतु शासन द्वारा कॉउसिलिंग समिति का गठन किया जायेगा। कॉउसिलिंग हेतु शासन द्वारा निर्धारित गैर वापसी योग्य फीस अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन जमा की जायेगी।

8. **सीट आबंटन का क्रम –**

(1) बी.टेक. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु –

(अ) बी.टेक. पाठ्यक्रमों में प्रवेष हेतु सीटों का आबंटन सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को नियम 6 के उपनियम 1 के खण्ड (क) की प्रावीण्यता सूची के अनुसार किया जायेगा, और इसके बाद भी यदि सीटें बच जाती है, तो उनका आबंटन छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को नियम 6 के उपनियम 1 के खण्ड (ख) की प्रावीण्यता सूची के अनुसार किया जायेगा।

(ब) खण्ड (अ) अनुसार सीटें आबंटित करने के पश्चात बची हुई सीटों का आबंटन छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के अभ्यर्थियों को नियम 6 के उपनियम 1 के खण्ड (क) की प्रावीण्यता सूची के अनुसार किया जायेगा, और इसके बाद भी यदि सीटें बच जाती है, तो उनका आबंटन छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के अभ्यर्थियों को नियम 6 के उपनियम 1 के खण्ड (ख) की प्रावीण्यता सूची के अनुसार किया जायेगा।

(2) बी.टेक. (लेटरल एण्ट्री द्वितीय वर्ष) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु –

(अ) बी.टेक. (लेटरल एण्ट्री द्वितीय वर्ष) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सीटों का आबंटन सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को नियम 6 के उपनियम 1 के खण्ड (ग) की प्रावीण्यता सूची क अनुसार किया जायेगा, और इसके बाद भी यदि सीटें बच जाती है, तो उनका आबंटन छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को नियम 6 के उपनियम 1 के खण्ड (घ) की प्रावीण्यता सूची के अनुसार किया जायेगा।

(ब) खण्ड (अ) अनुसार सीटें आबंटित करने के पश्चात बची हुई सीटों का आबंटन छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के अभ्यर्थियों को नियम 6 के उपनियम 1 के खण्ड (ग) की प्रावीण्यता सूची के अनुसार किया जायेगा, और इसके बाद भी यदि सीटें बच जाती है, तो उनका आबंटन छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के अभ्यर्थियों को नियम 6 के उपनियम 1 के खण्ड (घ) की पावीण्यता सूची के अनुसार किया जायेगा।

9. **दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन तथा संस्था में प्रवेश–**

(1) काउंसिलिंग में किया गया सीट का आवंटन प्रविधिक होगा। काउंसिलिंग में संस्था एवं पाठ्यक्रम के आबंटन के पश्चात अभ्यर्थी को संबंधित संस्था में जाकर अपने मूल दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन कराना होगा। मूल दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात ही प्रवेश दिया जावेगा।

(2) अभ्यर्थी को संबंधित संस्था की फीस निर्धारित तिथि एवं समय तक जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी फीस जमा नहीं करता है, तो उसका प्रवेश निरस्त माना जावेगा।

10. **प्रवेश की अंतिम तिथि–** अभातशिप द्वारा प्रवेश के लिये निर्धारित तिथि ही अंतिम तिथि मानी जायेगी।

11. **प्रवेश रद्द करना–** यदि यह पाया गया कि कोई अभ्यर्थी किसी संस्था में झूठी/गलत सूचना देकर या सुसंगत तथ्यों को छुपाकर आबंटन/प्रवेश पा लेने में सफल हो गया है या प्रवेश के पश्चात किसी भी समय यह पाया गया कि अभ्यर्थी को त्रुटिवश प्रवेश मिल गया है तो अभ्यर्थी को दिया गया प्रवेश संस्था/विश्वविद्यालय द्वारा उसके अध्ययनकाल के दौरान रद्द किया जा सकेगा। प्रवेश संबंधी किसी भी विवाद या शंका पर संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम होगा।

12. **कठिनाईयों का निराकरण–** इन नियमों से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न होने की स्थिति में कॉउंसिलिंग समिति का निर्णय अंतिम होगा।

13. **संशोधन–** छत्तीसगढ़ राज्य शासन प्रवेश के किसी भी नियम/प्रक्रिया में किसी भी समय जनहित में आवश्यकतानुसार संशोधन करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है तथा इस तरह किया गया कोई भी संशोधन बंधनकारी होगा।

14. **निर्वचन–** यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्भूत हो, तो उसे शासन को निर्दिष्ट किया जाएगा इस पर शासन का विनिश्चय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

15. **निरसन एवं व्यावृत्ति–** इस नियमों के तत्स्थानी और इन नियमों के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त समस्त नियम, इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद्द्वारा निरसित किये जाते हैं।

परतु इन नियमों के प्रभावशील होने के पूर्व इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन दिया गया कोई भी आदेश या की गई कार्यवाही इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन दिया गया आदेश या की गई कार्यवाही समझी जायेगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टोपेश्वर वर्मा, सचिव.

Atal Nagar, the 11th May 2023

NOTIFICATION

Number/F-9-5/2023/Tech.Edu/42.— The State Government acting upon its executive powers, hereby makes the following rules for admission in the institutions of Chhattisgarh for the Bachelor of Technology (B.Tech.) program, namely:-

1. **Short title and extent.** -

(1) These rules may be called "Admission Rules for the Bachelor of Technology (B.Tech.) Program for the Institutions of Chhattisgarh, 2023".

(2) These rules shall apply to the whole of Chhattisgarh.

(3) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.** - In these rules, unless the context otherwise requires, the following expressions shall mean:

(1) 'Chhattisgarh' means the State of Chhattisgarh, which came into existence on 01-11-2000 due to the notification of the Central Government;

(2) 'AICTE' means the All India Council for Technical Education, New Delhi;

(3) 'Candidate' means a person, who is willing to take admission as per these rules and who has made an application for the same under these rules;

(4) 'Minority Institution' means such institution, which has been notified as a minority Educational Institution by the Government of Chhattisgarh;

(5) 'Private Institution' means any Technical Educational Institution, which is not established by any State or Central Government and is not receiving any kind offinancial aid or grant-in-aid;

(6) 'PET' means the Pre-Engineering Test, State Level Common Entrance Examination, conducted by Chhattisgarh Professional Examination Board, Atal Nagar, Raipur for the purpose of determining the merit for admission to the B.Tech.Program;

(7) 'JEE (Main)'means Joint Entrance Examination,All India level Common Entrance Examination, conducted by the National Testing Agency, New Delhifor the purpose of determining the merit for admission to the B.Tech. Program;

(8) 'Counselling Committee' means the committee, formed by the StateGovernment forconducting counselling work for admission to various programs and to take decisionson admission-related issues.

3. **Reservations for Admission.** - The reservations for admission to the B.Tech. program shall be as per the reservation related provisions prevailing in the State of Chhattisgarh as per the law at the time of admission to this program.

4. **Educational Qualification for Admission. –**

(1) For admission to B.Tech. program- Passed 12th examination under (10+2) education system from the recognized board with at least 45% marks for unreserved category and 40% marks for candidates of Chhattisgarh belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes, and persons with Disability, in three main subjects prescribed by the AICTE. It is also mandatory to pass separately in all three main subjects (in theory and practical question papers) as per the rules of the concerned board.

Or

For admission to B.Tech. program, the candidate should havepassed Diploma Vocationalfrom a recognized Board/University in the same or allied subject area prescribedbyAICTE.

(2) For admission to B.Tech. (Lateral Entry Second Year) program-Passed Three-year Diploma/Two-year Diploma (Lateral Entry) Examination in any branch of Engineering and Technology from a recognized Board/University/Institute with at least 45% marksfor unreserved category and 40% marks for candidates of Chhattisgarh belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes, OtherBackward Classes, and persons with Disability.

Or

Passed Bachelor of Science (B.Sc.) Examination from a recognized University/Institute, with at least 45% marksfor the unreserved category and 40 % marks for candidates of Chhattisgarh belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes,Other Backward Classes and Persons with Disability. Apartfrom this, it ismandatory to pass in Mathematics in class 12th examination.

5. **Management and Minority quota in seats for admission.** -

(1) There shall be 15 percent seats under management quota in private institutions.

(2) 50 percent seats shall be reserved for minority candidates in private institutions, which are declared Minority Institutions by the Scheduled Tribal and Scheduled Caste Development Department of Government of Chhattisgarh.

6. **Merit Lists.** -

(1) The following merit lists shall be prepared for admission under these rules -

(a) PET Merit List – This merit list shall be prepared in descending order of percentage of marks scored in PET.

(b) JEE (Main) Merit List – This merit list shall be prepared in descendingorder of percentage of marks scored in JEE (Main).

(c) Diploma Merit List – This merit list shall be prepared in descending order of percentage of total marks in the final year of Diploma in Engineering Examination.

(d) B.Sc. Merit List- This merit list shall be prepared in descendingorder of percentage of total marks in the final year of B.Sc. examination.

(2) Among the candidates who obtain the same percentage of marks, the candidates who are older in age shall be placed higher in the merit list.

7. **Counselling.**- Counselling for allotment of seats shall be done through online process. A counselling committee shall be constituted by the government for counselling work. The non-refundable fee prescribed by the government for counselling shall be deposited online by the candidates.

8. Order of seat allotment.–

(1) For admission toB.Tech. program–

(A) For admission to the B.Tech. program allotment of seats shall be done firstto the candidates who are domicile of Chhattisgarh,according to the merit list of Clause (a) of Sub-Rule 1 of Rule 6, and even after this, if seats are left vacant theirallotment shall be done to the candidates who are domicile of Chhattisgarh,according to the merit list of Clause (b) of Sub-Rule 1 of Rule 6.

(B) After allotting the seats as per Clause (A), the remaining seats shall be allotted to the candidates from outside the State of Chhattisgarh according to the meritlist of Clause (a) of Sub-Rule 1 of Rule 6, and even after that if seats are leftvacant,theirallotment shall be done to the candidates from outside the State of Chhattisgarh according to the merit list of Clause (b) of Sub-Rule 1 of Rule 6.

(2) For admission to B.Tech. (Lateral Entry Second Year) program

(A) For admission to B.Tech. (Lateral Entry Second Year) program, allotment of seats shall be done first to the candidates who are domicile of Chhattisgarh, according to the merit list of Clause (c) of Sub-Rule 1 of Rule 6, and even after this, if seats are left vacant, theirallotment shall be done to the candidates who are domicile of Chhattisgarh,according to the merit list of Clause (d) of Sub-Rule 1 of Rule 6.

(B) After allotting the seats as per Clause (A), the remaining seats shall be allottedto the candidates from outside the State of Chhattisgarh according to the merit list in Clause (c) of Sub-Rule (1) of Rule 6, and even after that if the seats are left vacant, their allotment shall be done to the candidates from outside the State of Chhattisgarh according to the merit list of Clause (d) of Sub-Rule 1 of Rule 6.

9. Examination and Verification of the documents and Admission in the Institution.-

(1) The allotment of seats done in the counselling shall be provisional. After allotment of the Institute and program in the counselling, the candidate shall have to go to the concerned Institute and get his/her original documents examined and verified. Admission shall be given only after the verification of original documents.

(2) It shall be mandatory for the candidate to deposit the fees of the concerned institution within the prescribed date and time. If the candidate does not deposit the fees, his/heradmission shall be treated as cancelled.

10. Last date of Admission. - The date fixed by AICTE for admission shall be considered as the last date for admission.

11. Cancellation of Admission.- If it is found that any candidate has managed to get allotment/admission in any institution by furnishing false/incorrect information or by hiding relevant facts or it is found at any time after admission that the candidate has got admission by mistake, then such admission given to the candidate shall be cancelled by the Institution/University during the course of his/her studies. In case of any dispute or doubt regarding admission, the decision of the concerned University shall be final.

12. Removal of Difficulties. - In case of any difficulty related to these rules, the decision of the counselling committee shall be final.

13. Amendment.– State Government of Chhattisgarh reserves the right to amend any rule/procedure of admission at any time as required in public interest and any such amendment shall be binding.

14. Interpretation. - If any question arises regarding the interpretation of these rules, it shall be referred to the State Government, and the decision of the State Government thereon shall be final and binding.

15. Repeal and Savings. - All rules corresponding to these rules and in force immediately before the commencement of these rules, are hereby repealed in respect of the matters covered by these rules:

Provided that any order made, or action taken under the rules so repealed before these rules come into force shall be deemed to have been ordered or taken under the corresponding provisions of these rules.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
TOPESHWAR VERMA, Secretary.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित – 2023.

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 174] रायपुर, सोमवार, दिनांक 22 अप्रैल 2024 —— वैशाख 2, शक 1946

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर

अटल नगर, दिनांक 3 अप्रैल 2024

अधिसूचना

क्रमांक/एफ-9-5/2023/तक.शि./42— राज्य शासन अपनी कार्यपालिक शक्तियों का प्रयोग करते हुये एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ तकनीकी संस्थानों के मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.) एवं बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक.) पाठ्यक्रमों में विभागीय अधिसूचना क्रमांक एफ 9-5/2023/तक.शि./42, दिनांक 11-05-2023 प्रवेश हेतु निम्नांकित संशोधन करता है, अर्थात्–

मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.) पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश नियम-2003 में संशोधन–

क्र.	पूर्व में अधिसूचित प्रावधान	संशोधित प्रावधान
1	**4. प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता** – (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत 12 वीं कक्षा में गणित विषय के साथ अथवा स्नातक स्तर पर गणित विषय के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से बी.ई./बी.टेक. /बीएससी /बी.कॉम/बीए/ बी.वोकेशनल/बी.सी.ए. / संकाय/विषय में स्नातक उपाधि अनारक्षित वर्ग के लिये कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्तांकों एवं छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा निःशक्तता से बाधित के लिये 45 प्रतिशत प्राप्तांको के साथ उत्तीर्ण। गणित से संबंधित गणित के अन्य विषय जैसे :– बिजनेस गणित, बेसिक गणित आदि मान्य नहीं किये जायेंगे। तथापि गणित के उच्च विषय जैसे उच्च गणित मान्य किये जायेंगे।	**4. प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता** – (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत 12वीं कक्षा मे गणित विषय के साथ अथवा स्नातक स्तर पर गणित विषय के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्था से बी.ई./बी. टेक./बीएससी/बी.कॉम/ बीए/ बी.वोकेशनल /बी.सी.ए./ **अन्य** संकाय/ विषय में स्नातक उपाधि अनारक्षित वर्ग के लिये कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्तांकों एवं छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा निःशक्तता से बाधित के लिये 45 प्रतिशत प्राप्तांको के साथ उत्तीर्ण। गणित से संबंधित गणित के अन्य विषय जैसे :– बिजनेस गणित, बेसिक गणित आदि मान्य नहीं किये जायेंगे। तथापि गणित के उच्च विषय जैसे उच्च गणित मान्य किये जायेंगे।
	4. Educational Qualification for Admission. - Passed 12th Examination under (10+2) education system with Mathematics subject or Passed Bachelor's degree with Mathematics subject at Graduation level in BE/ B.Tech./ B.Sc/ B.Com/ BA/ B.Vocational / B.C.A Faculty/ Subject from a recognized University/ Institution with at least 50% marks for unreserved category and 45% marks for Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes, and Persons with Disability of Chhattisgarh. Allied subjects related to Mathematics like:- Business Mathematics, Basic Mathematics etc. are not acceptable. However, higher subject of Mathematics like Higher Mathematics is acceptable.	**4. Educational Qualification for Admission. -** Passed 12th Examination under (10+2) educationsystem with Mathematics subjector Passed Bachelor's degree with Mathematics subject at Graduation level in BE/ B.Tech./ .Sc/B.Com/BA/B.Vocational/ B.C.A/ **Any** Faculty/ Subject from a recognized University/ Institution with at least 50% marks for unreserved category and 45% marks for Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes, and Persons with Disability of Chhattisgarh. Allied subjects related to Mathematics like:- Business Mathematics, Basic Mathematics etc. are not acceptable. However, higher subject of Mathematics like Higher Mathematics is acceptable.

बैचलर ऑफ टेक्नालॉजी(बी.टेक.) पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश नियम–2023 में संशोधन–

क्र		
	4. प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता– (2) बी.टेक. (लेटरल एण्ट्री द्वितीय वर्ष) में प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय / संस्थान से इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी की किसी भी शाखा में त्रिवर्षीय डिप्लोमा/द्विवर्षीय डिप्लोमा (लेटरल एण्ट्री) परीक्षा, अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ एवं छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं निःशक्तता से बाधित अभ्यर्थियों के लिये 40 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण। अथवा मान्यता प्राप्त विष्वविद्यालय /संस्थान से बी.एस.सी. परीक्षा, अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ एवं छत्तीसगढ के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं निःशक्तता से बाधित अभ्यर्थियों के लिये 40 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण। इसके अतिरिक्त 12 वीं कक्षा में गणित विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।	**4. प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता–** (2) बी.टेक. (लेटरल एण्ट्री द्वितीय वर्ष) में प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी की किसी भी शाखा में त्रिवर्षीय डिप्लोमा/द्विवर्षीय डिप्लोमा (लेटरल एण्ट्री) परीक्षा, अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ एवं छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं निःशक्तता से बाधित अभ्यर्थियों के लिये 40 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण। अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से बी.एस.सी. परीक्षा, अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ एवं छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं निःशक्तता से बाधित अभ्यर्थियों के लिये 40 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण। इसके अतिरिक्त 12 वीं कक्षा में गणित विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। **अथवा** **मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से उसी अथवा संबंधित सेक्टर के बी.वॉक./3–वर्षीय डी.वॉक. पाठ्यकम उत्तीर्ण।**
	4 Educational Qualification for Admission. – (2) For admission to B.Tech. (Lateral Entry Second Year) program-Passed Three-year Diploma /Two-year Diploma (LateralEntry) Examination in any branch of Engineering and Technology from a recognized Board/ University/Institute with at least 45% marks for unreserved categoryand40% marks for candidates of Chhattisgarh belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes, and persons with Disability. Or Passed Bachelor of Science (B.Sc.) Examination from a recognized University/ Institute, with at least 45% marks for the unreserved category and 40 % marks for candidates of Chhattisgarh belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes and Persons with Disability. Apart from this, it is mandatory to pass in Mathematics in class 12th examination.	**4 Educational Qualification for Admission. –** (2) For admission to B.Tech. (Lateral Entry Second Year) program- Passed Three-year Diploma/ Two-year Diploma (Lateral Entry) Examination in any branch of Engineering and Technology from a recognized Board/ University/ Institute with at least 45% marks for unreserved category and 40% marks for candidates of Chhattisgarh belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes, and persons with Disability. Or Passed Bachelor of Science (B.Sc.) Examination from a recognized University/ Institute, with at least 45% marks for the unreserved category and 40 % marks for candidates of Chhattisgarh belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes and Persons with Disability. Apart from this, it is mandatory to pass in Mathematics in class 12th examination. Or **Passed B.Voc./ 3-Year D.Voc. Stream from recognized Board or University, in the same or allied Sector.**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजीव अहिरे, उप–सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित – 2024.

संचालनालय, तक. शि.
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
7925 26 JUL 2023
AD (शैक्षी)

छत्तीसगढ़ शासन
कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा
एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय,
महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर

क्रमांक एफ 9–10/2023/तक.शि/42 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 25/07/2023

प्रति,

संचालक,
तकनीकी शिक्षा संचालनालय,
इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर,
छ0ग0।

विषयः– ऑनलाईन कॉउसिलिंग की प्रवेश प्रक्रिया 2023 का विस्तृत विवरण बाबत्।
संदर्भः– आपका जावक टीप क्रमांक 1513, दिनांक 29.05.2023

---0---

विषयांतर्गत संदर्भित प्रस्ताव अनुसार ऑनलाईन कॉउसिलिंग हेतु प्रस्तावित प्रवेश प्रक्रिया 2023 एवं दस्तावेज परीक्षण केन्द्रों (अभ्यर्थी सुविधा केन्द्रों) की सूची निम्नानुसार निर्धारित करने की अनुमति प्रदान की जाती हैः–

1. तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा बैचलर ऑफ टेक्नालॉजी, बैचलर ऑफ फॉर्मेसी, बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर, डिप्लोमा इंजीनियरिंग, डिप्लोमा फॉर्मेसी, डिप्लोमा मॉर्डन आफिस मैनेजमेंट (MOM), डिप्लोमा कास्ट्यूम डिजाइन एण्ड ड्रेस मेकिंग (CDDM), डिप्लोमा इंटीरियर डेकोरेशन (ID), डिप्लोमा होटल मैनेजमेंट एण्ड केटरिंग टेक्नोलॉजी (HMCT), डिप्लोमा आर्किटेक्चर, एम.बी.ए., एम.सी.ए., एम.फॉर्मा, एम.टेक., बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग लेटरल एण्ट्री, बैचलर ऑफ फॉर्मेसी लेटरल एण्ट्री एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग लेटरल एण्ट्री इत्यादि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के नियम वेबसाइट- www.cgdteraipur.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन कॉउसिलिंग की जायेगी एवं संबंधित तिथियॉं, उपलब्ध सीटों की जानकारी, सीटों के आबंटन की जानकारी, सूचनाएँ इत्यादि भी इसी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। ऑनलाईन कॉउंसिलिंग संबंधित तिथियॉं राज्य/राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों में भी प्रकाशित की जाएगी।

2. इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी संस्थाओं के स्नातक उपाधि पाठ्यक्रम तथा पॉलीटेक्निक संस्थाओं के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रत्येक अकादमिक सत्र में प्रथम वर्ष में स्वीकृत सीटों की 10 प्रतिशत सांख्येतर सीटों के साथ साथ प्रथम वर्ष में रिक्त रह गई सीटों पर लेटरल एण्ट्री द्वारा द्वितीय वर्ष में प्रवेश दिया जा सकेगा।

3. ऑनलाइन कांउसिलिंग के दो मुख्य चरण होंगे, प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण। द्वितीय चरण के पश्चात संस्था स्तर की कॉउसिलिंग का एक और चरण होगा। कांउसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए रु. 200, स्नातक पाठ्यक्रम के लिए रु. 300 एवं स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रम के लिए रु. 500 ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के मुख्य तीन भाग है, पंजीयन (Registration), शुल्क भुगतान (Fee Payment), और विकल्प भरना (Choice Filling)।

4. कॉउंसिलिंग में भाग लेने हेतु अभ्यर्थी द्वारा इंटरनेट सुविधा का उपयोग करते हुए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

5. जो अभ्यर्थी व्यापमं की प्रवेश परीक्षाओं पीईटी, पीपीटी, पीपीएचटी एवं प्री-एम.सी.ए. के द्वारा कॉउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग लेना चाहते है उन्हें व्यापमं के पोर्टल पर अपना आधार प्रमाणन कराना होगा, उसके उपरांत ही वे कॉउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग ले पावेंगे।

6. अभ्यर्थी के लिए आवश्यक है कि आवेदन करते समय वह स्वयं का मोबाईल नंबर अंकित करें, क्योंकि इसी मोबाईल नंबर पर आवश्यक सूचनाएँ समय-समय पर SMS द्वारा भेजी जावेगी।

7. ऑनलाईन पंजीकरण के उपरांत अभ्यर्थी अपनी व्यक्तिगत जानकारी, प्रवेश परीक्षा संबंधी जानकारी (लागू हो तो), शैक्षणिक योग्यता की जानकारी, फोटो, हस्ताक्षर अपलोड कर ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकेगा । तदुपश्चात अभ्यर्थी प्राथमिकता क्रम में अपनी इच्छानुसार अधिक से अधिक संस्था एवं ब्रांच का विकल्प भर सकता है।

8. ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थियों के पास निम्नांकित दस्तावेज होना चाहिए।
    1. जन्म प्रमाण पत्र अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड की 10वीं की अंकसूची।
    2. अर्हकारी परीक्षा जैसे- मान्यता प्राप्त 10वीं/12वीं/स्नातक/डिप्लोमा/आई.टी.आई. में जो लागू हो की अंकसूची। (यदि मूल अंकसूची न हो तो इंटरनेट से निकाला हुआ) । आवेदन के दिन अभ्यर्थी को अर्हकारी परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। पूरक/अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी मान्य नहीं है।
    3. सामान्य प्रवेश परीक्षा जैसे- पी.ई.टी./जे.ई.ई/पी.पी.एच.टी/प्री.एम.सी.ए./नीमसेट/पी.पी.टी./ सी.एम.ए.टी./जी.ए.टी.ई./जी.पी.ए.टी./एम.ए.टी./एक्स.ए.टी./ए.टी.एम.ए./नाटा में जो लागू हो की अंकसूची। (मूल अंकसूची न हो तो इंटरनेट से निकाला हुआ)।
    4. छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र 04 प्रारूपों (प्रारूप क्रमांक - 5, 6, 7 या 8) में से किसी एक प्रासंगिक निर्धारित प्रारूप में। (च्वाइस सेंटर से बना निवास प्रमाण-पत्र भी मान्य होगा)। अन्य राज्य के विद्यार्थियों के लिए संबंधित राज्य के मूल निवासी होने का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

छत्तीसगढ़ राज्य के आरक्षित प्रवर्ग/वर्ग के लिये अतिरिक्त दस्तावेजों की सूची निम्नानुसार है-

1. छत्तीसगढ़ राज्य के आरक्षित प्रवर्ग के होने के संबंध में स्थायी जाति प्रमाण पत्र।
2. सैनिक वर्ग में आने वाले अभ्यर्थी के लिए सैनिक कल्याण बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रारूप 3(अ), 3(ब) या 3(स) में ।
3. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग में आने वाले अभ्यर्थी के लिए संलग्न किए गए निर्धारित प्रारूप क्रमांक -4 में कलेक्टर द्वारा जारी प्रमाण पत्र ।
4. निःशक्तता से बाधित वर्ग में आने वाले अभ्यर्थी के लिए जिला मेडिकल बोर्ड से विकलांगता प्रमाण पत्र एवं अधीक्षक, भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, निःशक्तजन हेतु संचालित व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्र, नेपियर टाउन, जबलपुर से उपयुक्तता प्रमाण पत्र।

9. संबंधित/समुचित एम.ई./एम.टेक. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्रता के लिए संबंधित/समुचित विभिन्न स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम एवं जी.ए.टी.ई. (GATE) के विषय की सूची परिशिष्ट – 1 में दी हुई है।
10. बैचलर आफ इंजीनियरिंग/टेक्नालॉजी के प्रथम वर्ष एवं डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (लेटरल एण्ट्री द्वितीय वर्ष) के प्रमुख विषय क्षेत्रों में प्रवेश हेतु (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत 12वीं की परीक्षा में अनिवार्य तीन विषयों की सूची परिशिष्ट – 2 में दी हुई है।
11. डिप्लोमा वोकेशनल के आधार पर बैचलर आफ इंजीनियरिंग/टेक्नालॉजी के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु डिप्लोमा वोकेशनल की विशेषज्ञता से संबंधित प्रासंगिक विषय क्षेत्रों की सूची परिशिष्ट – 3 में दी हुई है।
12. एक पाठ्यक्रम हेतु एक अभ्यर्थी से संबंधित मात्र एक ही ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया जाएगा। यदि किसी भी कारणवश कोई अभ्यर्थी अपना आवेदन नहीं भर पा रहा है। तो वह निम्न अभ्यर्थी सुविधा केन्द्रों में अपने समस्त मूल दस्तावेज एवं फोटो युक्त पहचान पत्र ले जाकर अपनी समस्या का निदान कर सकता है।

अभ्यर्थी सुविधा केन्द्रों का नाम

क्र.	अभ्यर्थी सुविधा केन्द्रों का नाम	जिला	दूरभाष क्रमांक
1	शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, रायपुर	रायपुर	83193-36275
2	शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर	बिलासपुर	89669-41834
3	झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर	बस्तर	79993-11361
4	शासकीय पॉलीटेक्निक, अंबिकापुर	सरगुजा	07774-220609
5	शासकीय पॉलीटेक्निक, नारायणपुर	नारायणपुर	97553-48508
6	शासकीय पॉलीटेक्निक, तखतपुर	बिलासपुर	98263-08234
7	धर्मु माहरा शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक, जगदलपुर	बस्तर	07782-229230
8	शासकीय पॉलीटेक्निक, धमतरी	धमतरी	97700-02406
9	उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक, दुर्ग	दुर्ग	0788-2323548
10	शासकीय पॉलीटेक्निक, कोरिया	कोरिया	79997-43372
11	शासकीय पॉलीटेक्निक, जशपुर	जशपुर	97133-99998
12	रामकृष्ण राठौर शासकीय पॉलीटेक्निक, जांजगीर-चांपा	जांजगीर	99073-82275
13	किरोड़ीमल शासकीय पॉलीटेक्निक, रायगढ़	रायगढ़	07762-222737
14	शासकीय पॉलीटेक्निक, कबीरधाम	कबीरधाम	07741-232636
15	शासकीय पॉलीटेक्निक, महासमुन्द	महासमुन्द	70009-68900
16	शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक रायपुर	रायपुर	79035-28448
17	शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक राजनांदगाँव	राजनांदगाँव	62636-34180
18	शासकीय पॉलीटेक्निक, खैरागढ़	राजनांदगाँव	89639-53373
19	शासकीय पॉलीटेक्निक, गरियाबंद	गरियाबंद	81095-42787
20	शासकीय पॉलीटेक्निक, कांकेर	कांकेर	82794-41396
21	शासकीय पॉलीटेक्निक, बीजापुर	बीजापुर	81092-53112
22	शासकीय पॉलीटेक्निक, सुकमा	सुकमा	79990-63380
23	शासकीय पॉलीटेक्निक, रामानुजगंज	बलरामपुर	79748-11319
24	शासकीय पॉलीटेक्निक, मुंगेली	मुंगेली	94791-76258
25	शासकीय पॉलीटेक्निक, बलौदाबाजार	बलौदाबाजार	70249-51715

26	इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, कोरबा	कोरबा	99814-43708
27	एन.एम.डी.सी., डीएव्ही, पॉलीटेक्निक, जावंगा, दंतेवाड़ा	दंतेवाड़ा	91318-61324
28	शासकीय पॉलीटेक्निक, भाटापारा	बलौदाबाजार	98264-03452
29	शासकीय पॉलीटेक्निक, बेरला	बेमेतरा	99934-88950
30	शासकीय पॉलीटेक्निक, कोण्डागांव	कोण्डागांव	94252-01021
31	शासकीय पॉलीटेक्निक, सूरजपूर	सूरजपूर	79879-53932
32	शासकीय पॉलीटेक्निक, कोरबा	कोरबा	8770085613
33	शासकीय पॉलीटेक्निक, बिलासपुर	बिलासपुर	07752-291842
34	शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक, बिलासपुर	बिलासपुर	8770367190
35	शासकीय पॉलीटेक्निक, बालोद	बालोद	79990-12934
36	शासकीय सह-शिक्षा पॉलीटेक्निक, रायपुर	रायपुर	95752-43237

13. सीटों का आवंटन केन्द्रीय आनलाईन कांउसिलिंग प्रक्रिया के द्वारा किया जायेगा। अभ्यर्थी आनलाईन आवेदन करते समय विशेष सावधानी रखें। आवेदन में त्रुटि होने पर या गलत जानकारी पाये जाने पर आवेदन/आबंटन/प्रवेश निरस्त किया जा सकता है, जिसकी जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी।
14. अन्य राज्य के आरक्षित श्रेणी (जिनके पास छ.ग. राज्य का निवासी प्रमाण पत्र है, परन्तु छ.ग. राज्य के आरक्षित वर्ग का होने संबंधी जाति प्रमाण पत्र नहीं है) में आने वाले अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण अथवा योग्यता में छूट की प्रावधान नहीं है। इन्हें अनारक्षित श्रेणी में मान्य करते हुये नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा।
15. शैक्षणिक अर्हताएँ, संस्था में प्रवेश की तिथि से पूर्व पूर्ण होना आवश्यक है। प्रवेश की तिथि को अनुत्तीर्ण अथवा पूरक/कम्पार्टमेंट अभ्यर्थियों को प्रवेश की पात्रता नही है। यदि अभ्यर्थी निर्धारित अर्हता, प्रवेश की अंतिम तिथि से पूर्व, प्राप्त कर लेता है तो वह प्रवेश हेतु पात्र माना जायेगा।
16. यदि अभ्यर्थी संबंधित बोर्ड द्वारा कृपांक से उत्तीर्ण है, तो वह प्रवेश हेतु उत्तीर्ण होने की पात्रता को पूरा करता है। परंतु अर्हकारी/मेरिट अंक की गणना करते समय कृपांक को नहीं जोड़ा जायेगा।
17. अर्हकारी परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण प्रस्तुत करना अभ्यर्थी का उत्तरदायित्व होगा।
18. छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा अन्य राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय/शैक्षणिक संस्था को छत्तीसगढ़ राज्य में ऑफ कैम्पस/स्टडी सेन्टर तथा फ्रेन्चाईसी चलाने की अनुमति प्रदान नहीं की गयी है। इस तरह संचालित ऑफ कैम्पस/स्टडी सेन्टर तथा फेन्चाईसी व्यवस्था के अंतर्गत प्राप्त शैक्षणिक अर्हताएं राज्य में इंजीनियरिंग/टेक्नालॉजी, आर्किटेक्चर एवं फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए मान्य नहीं है।
19. दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को एम.सी.ए./एम.बी.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त करने के लिए संबंधित विश्वविद्यालय एवं ऑफ सेन्टर/स्टडी सेन्टर की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली से मान्यता संबंधी प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही प्रवेश हेतु मान्य किया जावेगा।
20. इंजीनियरिंग, टेक्नालॉजी, आर्किटेक्चर एवं फार्मेसी में डिप्लोमा/स्नातक/स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दूरस्थ शिक्षा/ओपन स्कूल के माध्यम से मान्यता प्राप्त 10वीं/12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेश के लिये पात्र होंगे।

21. इंजीनियरिंग, टेक्नालॉजी, आर्किटेक्चर एवं फार्मेसी में प्रवेश हेतु दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी स्नातक पाठ्यक्रमों में एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र नहीं होंगे।

22. प्रथम चरण ऑनलाइन कॉउंसिलिंग के सीटों के आवंटन व प्रवेश प्रक्रिया के पश्चात् रिक्त रह गई सीटों के लिए द्वितीय चरण में आवेदन हेतु वैसी ही प्रक्रिया अपनाई जानी है जो प्रथम चरण में थी। उक्त रिक्त सीटों में पूर्व प्रवेशित छात्रों द्वारा द्वितीय चरण में आवेदन करने पर उनके प्रवेश निरस्त होने से रिक्त होने वाली सीटें भी शामिल है। द्वितीय चरण ऑनलाइन कॉउंसिलिंग में नये अभ्यर्थी सहित निम्न प्रकार के अभ्यर्थी हो सकते है :

1. ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण में आवंटन के पश्चात् संस्था में प्रवेश ले चुके है – ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रथम चरण में आवंटित सीट पर प्रवेश ले लिया है एवं प्रवेशित सीट से संतुष्ट है, उन्हें द्वितीय चरण में भाग नहीं लेना चाहिए। ऐसे अभ्यर्थी यदि अपनी पूर्व आवंटित सीट बदलना चाहते है तो उन्हें इसकी अनुमति है, उन्हें द्वितीय चरण में पुनः नियमानुसार ऑनलाइन आवेदन करना होगा। दूसरे चरण में सम्मिलित होने पर उनका प्रथम चरण का प्रवेश स्वमेव निरस्त हो जायेगी एवं वह सीट रिक्त सीट में जुड़ जायेगी।
2. ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण में आवंटन प्राप्त किये थे परन्तु संस्था में प्रवेश नहीं लिये – ऐसे अभ्यर्थी की प्रथम चरण की आवंटित सीट निरस्त मानी जायेगी एवं इन्हें पुनः द्वितीय चरण में नियमानुसार ऑनलाईन आवेदन करना होगा।
3. ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण में आवेदन किये थे परन्तु आवंटन नहीं हुआ था – ऐसे अभ्यर्थियों को पुनः द्वितीय चरण में नियमानुसार ऑनलाईन आवेदन करना होगा।
4. ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण में आवेदन नहीं किए थे – ऐसे अभ्यर्थी नया आवेदन कर सकते है।

उक्त समस्त प्रकार के अभ्यर्थियों को पुनः ऑनलाईन कौउंसिलिंग शुल्क देय होगा।

23. प्रथम एवं द्वितीय चरण में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के मेरिट के आधार पर रिक्त सीटों पर आवंटन सूची निर्धारित तिथि को जारी की जायेगी। जिसे वेबसाइट में अवलोकन किया जा सकता है। आवंटित अभ्यर्थियों को संबंधित संस्था में निर्धारित अवधि में प्रवेश लेना अनिवार्य है। निर्धारित अवधि में प्रवेश नहीं लेने पर आवंटन स्वमेव निरस्त माना जायेगा।

24. द्वितीय चरण में जो अभ्यर्थी प्रथम चरण में किसी अन्य संस्था में प्रवेश ले चुके थे, उन्हें तात्कालिक रूप से स्थानांतरण प्रमाण-पत्र के बिना भी प्रवेश लेने की अनुमति है, परन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को बाद में स्थानांतरण प्रमाण-पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

25. द्वितीय चरण की कॉउंसिलिंग पूर्ण होने के उपरांत रिक्त रह गई सीटो पर प्रवेश हेतु संस्था स्तर की कॉउंसिलिंग निम्नानुसार आयोजित की जायेगी।

1. विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय चरण की कॉउंसिलिंग के उपरांत प्रवर्ग एवं वर्गवार रिक्त सीटों की जानकारी वेबसाईट www.cgdte.cgstate.gov.in पर प्रकाशित की जायेगी।
2. संचालनालय द्वारा निर्धारित तिथियों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटो पर प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी संस्था स्तर की कॉउंसिलिंग के लिए संचालनालय की ऑनलाईन कॉउंसिलिंग के लिए निर्धारित वेबसाईट पर निर्धारित फीस का भुगतान कर ऑनलाईन पंजीकरण (Registration) कर आवेदन कर सकते है।
3. अभ्यर्थी को किसी एक संस्था हेतु ही अपने विकल्प भरने की छूट होगी। अभ्यर्थी जिस संस्था का विकल्प भर रहे है, उस संस्था में उपलब्ध अधिक से अधिक ब्रांच का विकल्प भर सकते है। अभ्यर्थी जिन ब्रांच के लिए विकल्प भरेंगे, उन्हीं ब्रांचो हेतु आवंटन किए जाने के लिए विचार किया जा सकेगा।
4. संस्था स्तर की कॉउंसिलिंग हेतु आवेदन करने पर यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी संस्था में प्रवेश लिया हुआ है, तो वह प्रवेश तब तक निरस्त नहीं होगा जब तक की अभ्यर्थी संस्था स्तर की कॉउंसिलिंग में प्रवेश नहीं लेगा।
5. संस्था स्तर की कॉउंसिलिंग हेतु आवेदन करने की अंतिम निर्धारित तिथि की समाप्ति के उपरांत संचालनालय द्वारा संबंधित संस्थाओं को ब्रांचवार प्रावीण्य सूची उपलब्ध करवाई जावेगी।
6. संचालनालय द्वारा उपलब्ध करवाई गई मेरिट सूची के अनुसार संस्थाओं द्वारा संस्था स्तर पर आवंटन कर प्रवेश देने की कार्यवाही की जायेगी। निर्धारित अंतिम तिथि तक ही प्रवेश देने की प्रक्रिया की जा सकेगी।
7. अभ्यर्थी का संस्था स्तर की कॉउंसिलिंग में किसी संस्था में प्रवेश लेने पर उसके द्वारा लिया गया पूर्व संस्था का प्रवेश स्वमेव ही निरस्त हो जावेगा।

26. अभ्यर्थी को आवंटन की सूचना SMS के द्वारा दी जाती है, किन्तु संचार नेटवर्क में समस्या के कारण आवश्यक नहीं कि SMS पहुंचे। अतः अभ्यर्थी Applicant login में जाकर अपने एप्लीकेशन आईडी एवं पासवर्ड डालकर अपना अस्थायी आवंटन पत्र (Provisional Allotment Letter) देख सकते है एवं उसका प्रिंट आउट निकाल सकते हैं।

27. संस्था द्वारा प्रवेश ऑनलाईन कन्फर्म किये जाने पर ही अभ्यर्थी का प्रवेश मान्य होता है। संस्था को अभ्यर्थी का प्रवेश निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व ऑनलाईन कन्फर्म करवाना अनिवार्य है, संस्था द्वारा प्रवेश कन्फर्म करने पर विद्यार्थियों का पासवर्ड एवं SMS द्वारा मोबाईल पर भेजे गए ओटीपी को दर्ज करने पर ही प्रवेश कन्फर्म किया जाता है। अभ्यर्थी प्रवेश ऑनलाईन कन्फर्म किये जाने की एक प्रति अभ्यर्थी अनिवार्य रुप से संस्था से प्राप्त करें।

1302

28. अभ्यर्थियों के लिये प्रवेश के समय अन्य अतिरिक्त दस्तावेजों की सूची निम्नानुसार है -

1. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये आय प्रमाण पत्र
2. पूर्व संस्था से स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र
3. गेप प्रमाण पत्र (यदि अध्ययन मे व्यवधान हुआ है तो)
4. माइग्रेशन प्रमाण पत्र (अन्य राज्य के बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिये)
5. बी.पी.एल. परिवार में आने वाले अभ्यर्थी के लिए सक्षम अधिकारी से जारी पालक का बी.पी.एल.कार्ड।
6. आधार कार्ड

यदि आवेदक के पास स्थायी जाति प्रमाण पत्र नहीं है तो संस्था में प्रवेश के समय संस्था द्वारा आवेदक को अनारक्षित माना जायेगा। इसी प्रकार यदि आवेदक के पास सैनिक/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/निःशक्तता से बाधित का प्रमाण पत्र नहीं है तो संबंधित वर्ग को NIL माना जायेगा एवं तद्नुसार संस्था द्वारा अभ्यर्थी के प्रवेश पर निर्णय लिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी छत्तीसगढ़ राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये निर्देशों के अंतर्गत यथापरिभाषित होगा एवं नीचे अन्यथा वर्णित को छोड़ सभी अभ्यर्थियों को तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार अथवा वरिष्ठतर अन्य सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा समय-समय पर राज्य शासन के निर्देशों के तहत जारी छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी संबंधी प्रमाण पत्र (प्रारूप-5) के साथ जमा किया जाना अनिवार्य है । इस प्रमाण पत्र में प्रकरण क्रमांक, जारी करने की तिथि व न्यायालय/कार्यालय की सील, जारीकर्ता अधिकारी के नाम व पद का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है । छत्तीसगढ़ शासन के सार्वजनिक उपक्रमों, अर्धशासकीय निकायों तथा छत्तीसगढ़ के स्थानीय शासनों के सेवारत/सेवानिवृत्त कार्मिकों के राज्य में या राज्य के बाहर पदस्थ होने पर तथा प्रारूप-6 मे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर उनकी संतानों को स्थानीय निवासी मान कर प्रवेश की पात्रता होगी । भारत सरकार के कार्मिकों, अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों, भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों के कार्मिकों एवं केन्द्रीय अर्धशासकीय निकायों में कार्यरत कार्मिकों के छत्तीसगढ़ राज्य मे इन नियमों के तहत आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि के पूर्व पदस्थ होने पर तथा प्रारूप-7 में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर उनकी संतानों को भी छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी मान कर प्रवेश की पात्रता होगी। भारत शासन/छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृत पुनर्व्यवस्थापन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में व्यवस्थापित पिता/माता के सन्तान भी छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी माने जायेंगे । ऐसे पुनर्व्यवस्थापित पिता/माता की सन्तानों को प्रारूप-8 में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

29. अभ्यर्थी को संस्था में प्रवेश के समय निम्नलिखित मूल दस्तावेज एवं उसकी एक सेट फोटोकापी की आवश्यकता होती है।

1. कम्प्यूटर से प्रिंट किया गया प्रोविजनल एलॉटमेंट लेटर की प्रति ।
2. 10वीं की अंकसूची अथवा जन्म प्रमाण पत्र ।

3. अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची।

4. सामान्य प्रवेश परीक्षा का स्कोर कार्ड यदि लागू हो तो।

5. पूर्व संस्था से स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण-पत्र।

6. गेप प्रमाण-पत्र (यदि अर्हकारी परीक्षा के बाद व्यवधान हुआ है तो)।

7. माइग्रेशन प्रमाण-पत्र यदि लागू हो तो ।

8. छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवास प्रमाण पत्र। अन्य राज्य के विद्यार्थियो के लिए संबंधित राज्य के मूल निवासी होने का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।

9. स्थायी जाति प्रमाण-पत्र (अस्थायी स्वीकार्य नहीं) यदि लागू हो तो।

10. निःशक्तता प्रमाण पत्र/सैनिक प्रमाण पत्र/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाण पत्र (जो लागू हो)।

11. आधार कार्ड यदि बना हो तो (अनिवार्य नहीं)।

12. बैंक पासबुक की कापी यदि एकॉउंट खुला हो तो ।

13. आय प्रमाण-पत्र (केवल आरक्षित वर्ग के लिए) ।

14. स्वयं का पासपोर्ट साईज फोटो (03 प्रति)।

30. काउंसिलिंग में सम्मिलित होने के लिये प्रत्येक निजी इंजीनियरिंग, फार्मेसी, आर्किटेक्चर, एम.सी.ए. एवं एम.बी.ए. संस्थाओं को रु. 1000/- एवं प्रत्येक निजी पालिटेक्निक संस्थाओं को रु. 500/- प्रति स्वीकृत सीट की दर से कुल स्वीकृत प्रवेश क्षमता अनुसार कॉशन मनी काउंसिलिंग प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व जमा करना अनिवार्य है। किसी संस्था को कॉशन मनी न जमा करने पर अथवा अन्य समुचित कारण/कारणों से केन्द्रीयकृत काउंसिलिंग प्रक्रिया से बाहर रखना, यह काउंसिलिंग समिति का विशेषाधिकार रहेगा । यह काशन मनी संस्थाओं द्वारा ट्यूशन फी वेव्हर योजना के परिपालन एवं छात्रों की फीस संबंधी शिकायत के निराकरण के पश्चात वापसी योग्य है। फीस वापसी संबंधी शिकायतों का निराकरण यदि संस्था द्वारा नहीं किया जाता है, तो जमा काशन मनी से छात्रों को फीस वापस करने की कार्यवाही संचालनालय के द्वारा की जा सकती है।

31. शिक्षण, विकास, विविध अन्य शुल्क तथा अवधान राशि :

1. शासकीय संस्थाओं के लिए :- जैसा शासन द्वारा निर्धारित की जावे।

2. स्वशासी स्ववित्तीय तथा निजी संस्थाओं के लिए :- ''छत्तीसगढ़ निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्था (प्रवेश का विनियमन एवं शुल्क का निर्धारण) अधिनियम 2008'' के अंतर्गत गठित की गई ''प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति'' द्वारा प्रस्तावित/अनुशंसित एवं शासन/विश्वविद्यालय द्वारा इस बावत् अधिसूचित शुल्क लागू होगी।

3. लागू शुल्क संरचना/आदेश की जानकारी वेबसाईट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in एवं काउंसिलिंग की संबंधित वेबसाईट में उपलब्ध रहेगी।

4. लागू शुल्क को किसी राष्ट्रीय/अधिसूचित बैंक में संस्था के नाम से संचालित खाते में चालान, चेक, डिमांड ड्राफ्ट अथवा अन्य किसी बैंकिंग उपकरण के माध्यम से जमा किया जाना चाहिये। शुल्क को नगद जमा नहीं किया जाना है।

32. मैनेजमेंट एवं प्रायोजित कोटा पर प्रवेश संस्था स्तर पर नियमानुसार दिया जावेगा।

33. जम्मू एवं कश्मीर राज्य के विस्थापितों के प्रवेश -

1. जम्मू एवं कश्मीर राज्य के विस्थापित व्यक्ति के पुत्र/पुत्रियों के लिये शासकीय संस्थाओं, शासकीय विश्वविद्यालयीन संस्थाओं, स्वशासी-स्ववित्तीय एवं निजी क्षेत्र के संस्थाओं के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु एक-एक सीट प्रवेश क्षमता के अतिरिक्त आरक्षित है। इस वर्ग के अंतर्गत प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को संबंधित जिले के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से निर्धारित प्रारूप-9 में प्रमाण-पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा। जम्मू एवं कश्मीर राज्य के विस्थापितों के पुत्र/पुत्रियों को छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य नहीं है।

2. इसी वर्ग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सेवा के ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पुत्र/पुत्रियों को, जिनकी पदस्थापना जम्मू एवं कश्मीर राज्य में आतंकवादी गतिविधियों के नियंत्रण में रही हो और जिनके पुत्र/पुत्रियों ने जम्मू एवं कश्मीर राज्य से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण की हो, को भी आरक्षित स्थानों के अंतर्गत प्रवेश की पात्रता होगी। ऐसे अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप-10 में प्रमाण-पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा।

3. किसी संस्था/ब्रांच के लिये एक ही तिथि को एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रथमतः छत्तीसगढ़ में विस्थापित अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी । तत्पश्चात् अन्य राज्य में विस्थापित को सीट रिक्त रहने पर प्रवेश दिया जा सकेगा, परंतु अलग-अलग तिथि होने पर जो ''पहले आओ पहले पाओ'' के आधार पर सीट आवंटित किया जायेगा ।

4. जम्मू एवं कश्मीर राज्य के विस्थापितों को जम्मू एवं कश्मीर राज्य के लिये आरक्षित सीटों पर प्रवेश हेतु सामान्य प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य नही है। अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश होंगे ।

5. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली के पत्र क्र- No. F.5-84/2012/AICTE/J&K/(Seats)/1016 दिनांक 8 नवंबर, 2012 के दिशा निर्देशानुसार जम्मू कश्मीर के निवासी छात्रों के प्रवेश के लिए प्रत्येक स्नातक इंजीनियरिंग संस्था में दो-दो सांख्येत्तर सीट उपलब्ध रहेगी। इस हेतु भी प्रवेश परीक्षा की आवश्यकता नही होगी एवं प्रवेश 12 वीं की मेरिट के आधार पर होगा।

34. छात्र द्वारा प्रवेश निरस्त कराने पर फीस वापसी के नियम -

1. काउंसिलिंग के दौरान प्रवेश की अंतिम तिथि से पूर्व अपना प्रवेश निरस्त करवाने हेतु यदि अभ्यर्थी द्वारा कॉउसिलिंग कार्यक्रम में घोषित प्रवेश की अंतिम तिथि से कम से कम 5 दिन पूर्व प्रवेश निरस्त करवाने हेतु आवेदन करने पर बी.ई., बी./डी.फार्मेसी, बी. आर्क, एम.सी.ए., एम.टेक., एम. फार्मेसी एवं एम. बी.ए. पाठ्यक्रमों के अभ्यर्थी से रू. 1000/- की तथा डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम, डिप्लोमा इन कास्ट्यूम डिजाईन एवं ड्रेस मेकिंग, डिप्लोमा इन इनटीरियर डिजाईन एवं डेकोरेशन, डिप्लोमा इन मार्डन आफिस मेनेजमेंट एवं डिप्लोमा इन आर्किटेक्चर पाठ्यक्रमों के अभ्यर्थी से रू. 500/- की कटोती करने के पश्चात् शेष राशि संबंधित संस्था द्वारा वापस की जायेगी ।
2. कॉउसिलिंग कार्यक्रम में घोषित प्रवेश की अंतिम तिथि से कम से कम 5 दिन पूर्व प्रवेश निरस्त करने हेतु आवेदन नहीं करने पर अभ्यर्थी की फीस वापसी हेतु योग्य नही होगा।

टीप :- छात्र द्वारा प्रवेश निरस्त करने पर फीस वापसी के उपरोक्त बिंदु राज्य शासन के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर रिव्यूव पिटिशन क्रमांक REVP/70/2017 के अंतिम निर्णय के अधीन होगा।

3. प्रवेश निरस्त कराने/होने पर फीस वापसी के मामले मे शिकायत प्राप्त होने पर प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति के निर्णय/निर्देशों के अनुसार कार्यवाही होगी ।

35. ट्यूशन फी वेव्हर योजना :- यह योजना एआईसीटीई/पीसीआई/सीओए के दिशा निर्देशानुसार लागू की जायेगी। इस योजना का उद्देश्य वित्तीय रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को मेरिट के आधार पर शिक्षण शुल्क में छूट देकर प्रोत्साहन किया जाना है। यह योजना स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में लागू होगी। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एम.सी.ए. में भी यह योजना लागू होगी। योजना की प्रक्रिया निम्नानुसार है :-

1. यह योजना अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद/फार्मेसी कॉउसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं में अनुमोदित पाठ्यक्रमों के लिये लागू होगी।
2. कांउसिलिंग के समय संस्थाओं के अनुमोदित सीटों के अतिरिक्त 5 प्रतिशत सांख्येत्तर सीटों को भी सम्मिलित किया जाएगा। तथापि अभ्यर्थियों को इस योजना का लाभ संबंधित संस्था में उसी स्थिति में प्राप्त हो सकेगा जब संबंधित ब्रांच में स्वीकृत प्रवेश क्षमता के अतिरिक्त प्रवेश हुआ हो। यह सांख्येत्तर सीटें केवल उसी स्थिति में उपलब्ध होगी, यदि विगत अकादमिक वर्ष में संबंधित कोर्स में स्वीकृत सीटों पर कम से कम 50 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश हुआ हो। अतिरिक्त प्रवेशित संख्या के बराबर TFW नियमानुसार सामान्य प्रवेश परीक्षा/अर्हकारी परीक्षा जिसके आधार पर प्रवेश हेतु मेरिट का निर्धारण किया गया हो के अनुसार देय होगी।

3. यदि किसी संस्था की किसी ब्रांच में स्वीकृत प्रवेश क्षमता 60 है, और कुल प्रवेश 63 छात्रों का होता है तो 3 अभ्यर्थियों को TFW दिया जावेगा। किंतु यदि किसी ब्रांच में 60 प्रवेश क्षमता है और उसमें 62 अभ्यर्थियों का प्रवेश होता है तो केवल 2 अभ्यर्थी ही फी वेव्हर स्कीम का लाभ उठा सकेंगे। प्रवेश क्षमता से कम प्रवेश होने पर TFW देने की बाध्यता नहीं होगा। तथापि कोई संस्था स्वेच्छा से TFW देने के लिये स्वतंत्र होगी। ओपन, महिला, निःशक्तता से बाधित आदि कोई श्रेणी निर्धारित नहीं है। मेरिट में जो अभ्यर्थी आए उसे TFW देय होगी। शासकीय संस्थाओं में जहां विगत अकादमिक वर्ष में संबंधित कोर्स में स्वीकृत सीटों पर कम से कम 50 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश हुआ हो, उन संस्थाओं में अतिरिक्त प्रवेश न होने पर भी 5 प्रतिशत सीटों पर TFW देय होगा।
4. TFW सीटें संस्था की अनारक्षित की सीटों में जोड़ी जायेगी।
5. जिन संस्थाओं में इसी अकादमिक सत्र से प्रवेश प्रारंभ हुआ है, उन्हें TFW सीट प्राप्त नहीं होंगी।
